# आमस-दरभंगा एनएच की बोधगया राजगीर शहर से होगी कनेक्टिविटी

**संवाददाता, पटना**

**राज्य** में निर्माणाधीन आमस-दरभंगा एनएच-119डी की कनेक्टिविटी वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे एनएच-319बी सहित बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा शहर से भी होगी. इसके लिए राज्य सरकार ने केंद्र से आग्रह किया था. इसके बाद एनएचएआइ ने इस सड़क का फिलहाल वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे, बोधगया और राजगीर शहर से कनैक्टिवटी को लेकर डीपीआर बनाने के लिए कंसल्टेंसी चयन सहित जमीनें अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है. वहीं, वैशाली और दरभंगा शहर से कनेक्टिविटी पर विचार किया जा रहा है. इस परियोजना में मूल सड़क का अधिकांश निर्माण कार्य इसी साल पूरा करने की समय-सीमा है. आमस-दरभंगा एनएच में प्रस्तावित निर्माण कार्य होने से उत्तर और दक्षिण बिहार में आवागमन बेहतर होगा. साथ ही उत्तर-प्रदेश और दिल्ली सहित कोलकाता की तरफ आवागमन में लोगों को सुविधा होगी.

**वैशाली और दरभंगा शहर से भी कनेक्टिविटी के लिए केंद्र से मांग:** सूत्रों के अनुसार आमस-दरभंगा सिक्सलेन एनएच का निर्माण करीब 5410.5 करोड़ रुपये की लागत से करीब 198.52 किमी लंबाई में होगा. भारतमाला परियोजना के तहत इसका निर्माण चार पैकेज में हो रहा है. इसमें पहले पैकेज में गया जिला के आमस से शिवरामपुर तक करीब 1157.5 करोड़ की लागत से 55 किमी लंबाई में सड़क बन रही है.